दैनिक भास्कर बुरहानपुर 22-11-2023

# लघु फिल्म में देखा वीरांगना झलकारी बाई का जीवन चरित्र

## भारत सरकार के निर्देश पर नेपा लिमिटेड 15 से 26 नवंबर तक मना रहा जनजातीय गौरव दिवस



भास्कर संवाददाता | नेपानगर

भारत सरकार के निर्देश पर नेपा लिमिटेड द्वारा 15 से 26 नवंबर तक जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा है। इसके तहत संस्थान के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सौरभ देव के मार्गदर्शन में कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। इसके तहत सोमवार को नेपा लिमिटेड में वीरांगना झलकारी बाई के जीवन चरित्र पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

मंगलवार को आदिवासी बाहुल्य ग्राम चैनपुरा में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसमें ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों की जांच करते हुए सभी को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की समझाइश दी गई। इस दौरान नेपा लिमिटेड के वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक कर्मचारी संबंध व कल्याण विभाग किशोर महाजन, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार झंझड़ीवाल और डॉ. आशीष दुबे भी मौजूद थे।

# वीरांगना झलकारी बाई के जीवन पर बनी लघु फिल्म




चैनपुरा में लगे नेपा लिमिटेड के स्वास्थ शिविर में मौजूद अधिकारी कर्मचारी और डाक्टर। • नईदुनिया

नेपानगर (नईदुनिया न्यूज)। नेपा लिमिटेड में 15 से 26 नवंबर तक जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा हैं। दस दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत रोजाना विभिन्न गतिविधियां की जा रहा हैं। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि मनाए जा रहे जनजातीय गौरव दिवस के अंतर्गत अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक कमोडोर सौरभ देबजी के मार्गदर्शन में सोमवार को नेपा लिमिटेड में वीरांगना झलकारी बाई के जीवन चरित्र पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। मांगलवार को आदिवासी बाहुल्य ग्राम चैनपुरा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के चिकित्सकों द्वारा परीक्षण करते हुए नागरिकों को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर नेपा लिमिटेड के वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक कर्मचारी संबंध व कल्याण विभाग किशोर महाजन, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अनिल कुमार झंझड़ीवाल एवं डा. आशीष दुबे आदि उपस्थित थे।

# वीरांगना झलकारी बाई के जीवन पर दिखाई लघु फिल्म



शिविर में शामिल।

नेपानगर। भारत सरकार के निर्देश पर 15 से 11 नुवंबर तक जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा है। इसके तहत संस्था के अध्यक्ष, सह प्रबंध निदेशक कमोडोर सौरभ दवे के मार्गदर्शन में सोमवार को नेपा लिमिटेड में वीरांगना झलकारी बाई के जीवन चरित्र पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किय गया। मंलवार को आदिवासी बाहुल ग्राम चैनपुरा में स्वास्थ्य शिवि लगाया गया। शिविर में नेपा लिमिटेड अस्पताल के डॉक्टरों ने मरीजों की जांच की। स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर नेपा लिमिटेड के वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक कर्मचारी संबंध एवं कल्याण विभाग किशोर महाजन, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल झंझड़ीवाल, डॉ. आशीष दुबे उपस्थित थे।